खबर संक्षेप



बस स्टैंड में शौचालय निर्माण की समस्या का निराकरण

सिलौंडी। सिलौंडी बस स्टैंड में शौचालय नहीं होने की शिकायत हो थी जिसको लेकर खबर का प्रकाशन भी किया गया था। इसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ। कलेक्टर आशीष तिवारी, सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय, भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय, नायब तहसीलदार नरेंद्र खरे, थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी, सचिव गुमान सिंह बागरी , देवराज धनगर , रोजगार सहायक अमरीश राय और ग्रामीण जन की सहमति से सिहोरा रोड में सोसायटी के बाजू में सामुदायिक शौचालय के पास बस स्टैंड बनाने की सहमति बनी है जिससे यात्रियों को शौचालय की व्यवस्था हो जाएगी । कई सालों से यात्रियों की शौचालय की समस्या हो रही थी ।जिसका निराकरण होने की आम यात्रियों को सुविधा होगी।

बकाया बिल जमा नहीं करने वालों पर कार्रवाई

विजयराघवगढ़। बकाया राशि वसूलने एवं जारी लम्बे समय से लंबित बिलों के जमा करवाने हेतु नगरपालिका कैमोर एवं विजयराघवगढ़ में स्पेशल ड्राइव चलाई जा जा रही है जिसके तहत बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं में विरुद्ध विभाग द्वारा लाइन काटने संबंधी कार्यवाही की गई, विगत 2 दिवस में सैकड़ों बकाया कनेक्शन। विच्छेदित किए गए, कुछ गांव जैसे लखनपुरा, गुड़ेहा भैंसवाही बरुआ में लाखों रुपए बकाया होने पर वहां के ट्रांसफार्मर और कई मोहल्ले की सप्लाई बाधित की गई , साथ ही लगभग 40 उपभोक्ताओं के कटे हुए कनेक्शन को उनके द्वारा जोड़े पाए जाने पर विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत न्यायालयीन कार्यवाही की गई । कार्यवाही के दौरान सहायक अभियंता विजय धुर्वे की उपस्थिति रही।

ठाकुर बुद्ध सिंह के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



स्लीमनाबाद। शासकीय ठाकुर बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी में गुरुवार को विद्यालय के संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत स्वर्गीय ठाकुर बुद्ध सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा स्वर्गीय ठाकुर बुद्ध सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनके शिक्षा एवं समाज के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।विदित हो कि तेवरी स्थित 1938 से संचालित श्रीकृष्ण रामलीला व नाट्य समिति की स्थापना भी बुद्ध सिंह नें की थी। आज भी रंगमंच के माध्यम से प्रभु श्री राम की लीलाओं का मंचन किया जाता है। कार्यक्रम में विद्यालय की शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हल्कू सिंह परस्ते, प्रभारी प्राचार्य बलवीर सिंह ठाकुर एवं समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।

हाका गैंग प्रभारी को नोटिस, मांगा स्पष्टीकरण

कटनी। शहर में आवारा पशुओं के विचरण से यातायात व्यवस्था एवं जन सुरक्षा प्रभावित होने तथा कांजी हाउस और गौशाला की व्यवस्थाओं में लापरवाही सामने आने को लेकर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा व्यक्त की गई गहन नाराजगी के पश्चात स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी द्वारा हांका गैंग प्रभारी श्री दीपक मलिक को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

पटवारी संघ ने एसडीएम पर लगाए तानाशाही के आरोप, सौंपा ज्ञापन

चार पटवारियों को ऑफिस में बंधक बनाने के आरोप, संघ पहुंच गया थाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





बहोरीबंद एसडीएम का जिम्मा जिस आईएएस श्लोक वाइकर को कलेक्टर नें सौपा था। पदभार ग्रहण करने के माह भर बाद विवादों में घिर गए है। शुक्रवार को एसडीएम के साथ बहोरीबंद तहसीलदार के खिलाफ 4 पटवारियों को बंधक बनाय जाने को लेकर पटवारी संघ विरोध पर उतरा ओर एसडीएम व तहसीलदार के खिलाफ तानाशाही के आरोप लगाए।

पटवारी संघ तहसील अध्यक्ष नवीन गर्ग सहित अन्य पटवारियों नें कहा कि स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व रजिस्ट्री व पंजीयन को लेकर प्रदेशव्यापी विरोध के उपरांत मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर प्रदेश के सभी पटवारी कलमबंद हड़ताल पर है। उसी तारतम्य बहोरीबंद राजस्व अनुभाग के भी पटवारी कलमबंद हड़ताल पर है जिसका ज्ञापन भी शुक्रवार को तहसीलदार बहोरीबंद को दिया जा चुका है। उसके वाबजूद पटवारी अमन हल्दकार, अतुल कोरी, नितिन पटेल व इंद्रलाल वानवानी को शुक्रवार को सुबह 11 बजे तहसील कार्यालय बुलाकर तहसीलदार बहोरीबंद आशीष अग्रवाल व एसडीएम श्लोक वाइकर द्वारा जबरन बंधक बनाकर बलपूर्वक कार्य कराया जा रहा है। देर शाम तक हल्का पटवारियों को नहीं छोड़ा गया। वही चर्चा का विषय है कि पूर्व में एसडीएम के द्वारा चारों पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका जवाब देने शुक्रवार को पटवारी कार्यालय गए थे, तभी से उन्हें कार्यालय में ही बिठाया गया है।

पटवारियों को मुक्त कराने थाने पहुंचे पटवारी

सुबह 11 बजे से देर शाम 6 बजे तक जब चारों पटवारियों को नहीं छोड़ा गया तो पटवारी संघ चारों पटवारियों को मुक्त कराने बहोरीबंद थाने पहुंचे जहाँ उन्होंने थाना प्रभारी को तहसीलदार व एसडीएम के खिलाफ शिकायत करते हुए चारों पटवारियों को मुक्त कराने की मांग की। वही जब इस संबंध में तहसीलदार व एसडीएम से हकीकत जानने उनसे संपर्क करने की कोशिश की गईं तो उनके द्वारा मोबाइल पर काल रिसीव नहीं की गईं।



शिक्षण व्यवस्था और मध्यान्ह भोजन का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने शुक्रवार को शासकीय हाईस्कूल बड़गांव का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण व्यवस्था, पाठ्यपुस्तक वितरण, गणवेश एवं मध्यान्ह भोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक समझ का भी आकलन किया।

सीईओ सुश्री कौर ने कक्षा 8वीं में पाठ्यपुस्तक वितरण की स्थिति का जायजा लिया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को गणवेश उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक विषय के नियमित एवं प्रभावी अध्यापन के संबंध में चर्चा की। जिला पंचायत सीईओ ने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

अवलोकन के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने कक्षा 10वीं में विद्यार्थी संस्कार उपाध्याय से मीथेन, ईथेन एवं ब्यूटेन की संरचना तथा पाचन तंत्र से संबंधित विषयों पर चर्चा की। वहीं छात्रा सोनाली यादव से हृदय की संरचना के संबंध में संवाद किया। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी बातचीत कर उनकी विषयगत समझ और पढ़ाई से संबंधित जानकारी ली। विद्यालय भ्रमण के दौरान जिपं सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया।

फरसी पत्थर उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में स्थानीय खनन उद्योगों को प्रोत्साहित करने, खदान संचालकों की समस्याओं का समाधान करने और औद्योगिक विकास की संभावनाओं को विस्तार देने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत रीठी तहसील क्षेत्र में संचालित फरसी पत्थर की खदानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे।

तकनीकी प्रक्रियाओं और आर्थिक पहलुओं की समीक्षा

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने खदानों में पत्थर खनन की तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रक्रियाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने ब्लॉक कटिंग की विधि, रोप खदानों में पत्थर की कटाई, वास्तविक रिकवरी प्रतिशत तथा खदान संचालकों की आय और आर्थिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संचालकों से चर्चा कर उत्पादन प्रक्रिया और व्यवसाय में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को समझा।

गुणवत्ता सुधार और औद्योगिक विस्तार पर मंथन

कलेक्टर श्री तिवारी ने खदान संचालकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने फरसी पत्थर के बेहतर उपयोग और बाजार में इसकी उपयोगिता बढ़ाने के संबंध में सुझाव दिए। साथ ही कटनी जिले में फरसी पत्थर आधारित नए उद्योगों की स्थापना तथा मौजूदा इकाइयों के विस्तार की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

मानकों का सख्ती से करें पालन

कलेक्टर ने खदान संचालकों से कहा कि मैहर में निर्माणाधीन शारदा लोक सहित अन्य धार्मिक स्थलों और बड़े निर्माणाधीन भवनों में फरसी पत्थर के उपयोग की संभावनाएं तलाशें, ताकि स्थानीय उत्पाद को व्यापक बाजार मिल सके और जिले के औद्योगिक विकास को गति मिले। कलेक्टर श्री तिवारी ने खदानों में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संचालकों को श्रमिकों के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने और निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, जीएम डीआईसी श्रीमती ज्योति सिंह, खनिज अधिकारी द्वय पवन कुशवाहा एवं कमलकांत परस्ते सहित खनिज विभाग का अमला तथा खदान संचालक उपस्थित रहे।

विभिन्न गतिविधियों से नशा मुक्ति का दिया गया संदेश



स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर में स्वच्छता का व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में निगम की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थलों में विविध गतिविधियों का आयोजन कर नागरिकों को स्वच्छता एवं नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 26 में नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नागरिकों विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया गया। वार्ड क्रमांक 26 स्थित कटनी जंक्शन रेलवे स्टेशन परिसर में स्वच्छता ही सेवा जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान यात्रियों एवं नागरिकों को सार्वजनिक स्थलों पर कचरा निर्धारित डस्टबिन में डालने, थूकने से बचने तथा स्टेशन परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। नागरिकों से स्वच्छता को दैनिक आदत में शामिल करने की अपील भी की गई। नगर निगम का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छ, सुंदर, स्वस्थ एवं नशा मुक्ति कटनी के संकल्प को साकार करना है।

मुख्य अभियंता ने विद्युत वितरण केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



मुख्य अभियंता ऊर्जा विभाग एस. के. गिरिया द्वारा शुक्रवार को स्लीमनाबाद विद्युत वितरण केंद्र का ओचक निरीक्षण किया गया!इस दौरान अधीक्षण अभियंता डी एन चौकीकर,कार्यपालन अभियंता शैलजा, सहायक अभियंता दिलदार डाबर उपस्थित रहे!मुख्य अभियंता द्वारा वितरण केंद्र संबंधित समस्त कार्यों एवं दस्तावेजों का सूक्ष्म जांच की गई अवलोकन किया गया।

वितरण केंद्र अंतर्गत 33 एवं 11 केव्ही लाइनों के रखरखाव , ट्रांसफार्मर का रिप्लेसमेंट और रख रखाव करने के निर्देश दिए!पावर बी 1के अनुसार राजस्व संग्रहण लक्ष्य की पूर्ति , कैश डिमांड की पूर्ति, वार्षिक ग्रोथ के भी दिशा -निर्देश दिए!इसके अलावा मुख्य अभियंता नें बिलिंग एफिशियंसी , एटी एंड सी हानि बढ़ने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्शन एफिशियंसी शत प्रतिशत करने हेतु सार्थक प्रयास करना सुनिश्चित करें! कैटेगरी वाइस एरियर पर की गई कार्यवाही। पचास हजार एवं एक लाख से ऊपर के बकाया वाले की गई कार्यवाही की जानकारी , पंप की बकाया राशि वसूली शत प्रतिशत सुनिश्चित करने,पंचनामा प्रति माह 30 नंबर बनाना सुनिश्चित करने,डीआरए सम्बंधित कार्यवाही की विस्तृत जानकारी एवं बांटे गए नोटिस की पावती का अवलोकन किया गया।

मुख्य अभियंता नें सख्त लहजे मै कहा की 2 लाख से ऊपर के बकायेदार पंचनामा वाले उपभोक्ता के वसूली करना सुनिश्चित करे या डीआरए की कार्रवाई करें!सभी फीडरों के पोस्ट मानसून मेंटेनेंस करते हुए एवं स्पेक मॉड्यूल में एंट्री करना सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर स्पष्ट निर्देश दिए गए 1बिलिंग एफिशिएंसी घटने के कारण और कलेक्शन एफिशिएंसी कम होने के कारण पुनः निरीक्षण हेतु निर्देश प्राप्त हुआ और डाटा में सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया।

भोजन की गुणवत्ता जांचने अधिकारियों ने स्वयं चखा भोजन

घुघरा आश्रम शाला पहुंचे कलेक्टर-एसपी, बच्चों से संवाद कर परखी शिक्षा की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुविधाओं की हकीकत जानने कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा रीठी विकासखंड के ग्राम घुघरा स्थित राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय बालक आश्रम शाला पहुंचे। औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उनकी शैक्षणिक समझ और ज्ञान का आकलन किया।

सवालों के जवाब से परखी शैक्षणिक गुणवत्ता

कलेक्टर श्री तिवारी ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम संबंधी प्रश्न पूछे। उन्होंने कृषि और खेती-बाड़ी से जुड़े व्यावहारिक सवालों के माध्यम से बच्चों की समझ को भी परखा। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ जवाब दिए, जिससे कलेक्टर संतुष्ट नजर आए। उन्होंने छात्रावास के बेडरूम, रसोई और परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वार्डन शिवराज चौधरी से विद्यार्थियों की उपस्थिति, भोजन, स्वास्थ्य और सुरक्षा के संबंध में चर्चा की।

भोजन चख परखी गुणवत्ता, स्वच्छता के निर्देश

विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था जांचने के लिए अधिकारियों ने स्वयं मध्यान्ह भोजन का स्वाद चखा और गुणवत्ता को संतोषजनक बताया। साथ ही रसोई में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्यार्थियों को ट्रैक सूट भी वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर और डीएफओ गर्वित गंगवार ने परिसर में आम, जामुन और कटहल के पौधे रोपे। उन्होंने पौधों की नियमित देखभाल करने के भी निर्देश दिए।

आज शनिवार को जबलपुर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ करेंगे जांच

टीबी और छाती रोगों की जांच के लिए दो दिवसीय विशेष शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



टीबी एवं छाती संबंधी बीमारियों की पहचान और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैमोर में दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शुक्रवार को शुरू हुए शिविर में जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। शिविर के पहले दिन कुल 121 लोगों ने जांच के लिए पंजीयन कराया।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने की मरीजों की जांच

शिविर के प्रथम दिवस जिला चिकित्सालय कटनी के टीबी एवं चेस्ट विशेषज्ञ डॉ. एस.पी. सोनी और डॉ. शिव मोहन सराफ ने मरीजों की जांच की। विकासखंड सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के खंड चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा दल ने भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान कुल 60 मरीजों का एक्सरे किया गया जिसमें टीबी के 2 पुराने मरीज पाये गये जबकि 58 व्यक्ति स्वस्थ मिले। इसी प्रकार 84 मरीजों की ब्लड शुगर की जाँच की गई जिसमें 11 डाईबेटिक निकले। इसके अलावा 84 खखार जाँच, 90 निक्षय जाँच, 84 एचआईवीं जाँच एवं 84 हैपीटाइटिस जांच भी की गई।

आज 10 अक्टूबर को जबलपुर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ भी करेंगे मरीजों की जांच

शिविर के दूसरे दिन 10 अक्टूबर को नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। इनमें रेस्पिरेटरी मेडिसिन के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आशीष दीवान तथा डीएम एवं सीनियर पल्मोनरी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अनुज मोहन शामिल हैं। स्क्रीनिंग में चिन्हित मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

लक्षण दिखने पर कराएं जांच

सीएमएचओ डॉ. राजसिंह ठाकुर ने बताया कि सांस लेने में परेशानी, खांसी में खून आना, लगातार वजन घटना, भूख न लगना, छाती में दर्द तथा 15 दिन से अधिक समय तक खांसी या बुखार रहने पर स्वास्थ्य जांच कराना जरूरी है। ऐसे लक्षणों से प्रभावित व्यक्ति शिविर में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करा सकते हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से शिविर का लाभ उठाकर समय पर जांच एवं उपचार कराने की अपील की है।

अतिक्रमण की जानकारी नहीं देने पर पटवारी को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं देने पर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर प.ह.नं. 28, ग्राम सरसवाही, तहसील कटनी ग्रामीण में पदस्थ पटवारी पवन पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। तहसील कटनी ग्रामीण के ग्राम सरसवाही में खसरा नंबर 562 की 2.36 हेक्टेयर तथा खसरा नंबर 590 की 0.59 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा पाया गया है। संबंधित हल्का पटवारी श्री पटेल द्वारा इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी गई। मध्यप्रदेश भू-अभिलेख नियमावली के अंतर्गत पटवारी का दायित्व शासकीय भूमि का संरक्षण करना तथा अवैध कब्जे एवं अतिक्रमण की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देना है। इस मामले में सूचना नहीं दिए जाने को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही मानते हुए प्रथम दृष्टया पटवारी की संलिप्तता की आशंका व्यक्त की गई है। पटवारी का यह कृत्य कदाचरण की श्रेणी में पाए जाने के आधार पर एसडीएम कटनी जितेन्द्र पटेल ने निलंबन की कार्रवाई की है।

निलंबन अवधि में हल्का पटवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय कटनी निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। साथ ही तहसीलदार कटनी को निलंबित पटवारी के हल्के का प्रभार सीमावर्ती हल्के के पटवारी को सौंपने तथा निलंबित पटवारी के विरुद्ध आरोप-पत्र आदि प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

खबर संक्षेप



बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया गया पौधारोपण

कटनी। बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 9 अक्टूबर को सेक्टर क्रमांक 03, कान्हवारा एवं करहिया विकासखंड कटनी में 60 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संतुलन बनाए रखना, प्रकृति का संरक्षण करना तथा आमजन में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष आर. एल. चौधरी के द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित पर्यावरण मिल सके। इस अवसर में जितेंद्र नामदेव ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कन्हववारा, रामानुज पाण्डे परामर्शदाता, सुनील विश्वकर्मा, अवधेश तोमर, ब्रजेश नामदेव द्वारा एवं बारडोली वेलफेयर सोसायटी के सेक्टर प्रभारी गणपत कोल एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही ।

नवोदय विद्यालय में लेटरल एंट्री के आवेदन 30 तक

कटनी। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा 2027 के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 अक्टूबर कर दिया गया है। विद्यालय के प्राचार्य प्रेम प्रकाश ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा 10 अप्रैल 2027 को आयोजित की जाएगी।

ट्रेन में लावारिस मिली बच्ची, अस्पताल में भर्ती

कटनी। बीना-नागदा स्पेशल ट्रेन में एक लावारिस नवजात बच्ची मिली। बकलेहटा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के ड्राइवर को इंजन के ठीक पीछे वाली बोगी से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। ड्राइवर ने मुस्तैदी दिखाते हुए इसकी सूचना तत्काल ट्रेन के गार्ड और उच्च अधिकारियों को दी। ट्रेन के कटनी प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही जीआरपी, आरपीएफ और महिला आरक्षक की टीम ने बोगी में पहुंचकर लगभग डेढ़ महीने की बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद बच्ची को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे गहन चिकित्सा इकाई (ICU) में डॉक्टरों की देखरेख में रखा गया है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्ची की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। जीआरपी मामला दर्ज कर जांच कर रही है कि मासूम को ट्रेन में किसने और किन परिस्थितियों में छोड़ा।

बरसी मेले में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कटनी। माधव नगर में दो दिवसीय बर्सी मेले के दौरान नगर एवं बाहर से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम प्रशासन मुस्तैदी से जुटा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला परिसर में नियमित साफ सफाई, कचरे का समय पर उठाव, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेले के दौरान स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा श्रद्धालुओं को आवागमन और दर्शन के दौरान असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने अमले को मेला अवधि में निरंतर सक्रिय रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी एवं आवश्यकतानुसार तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण पहुंच मार्ग में हांका टीम की नियुक्ति की जाकर आवारा मवेशियों के नियंत्रण लगाने के प्रयास भी किये जा रहे है। मेले की व्यवस्थाओं हेतु नियुक्त टीम द्वारा अपने दायित्व पर उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के प्रयास किये जा रहे है।

मादक पदार्थों की अवैध बिक्री एवं तस्करी करने वालों पर की गई कार्यवाही

10 किलो गांजा, 300 पाव अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



गांजा एवं शराब की तस्करी एवं अवैध विक्रय करने वालों के विरूद्ध पुलिस एवं आबकारी अमले द्वारा कार्रवाई की गई है। आबकारी विभाग की टीम ने पटवारा रेलवे फाटक के समीप कन्हवारा रोड पर घेराबंदी कर कार्रवाई करते हुए 300 पाव अवैध देशी मसाला मदिरा जब्त की है। कार्रवाई में आबकारी विभाग की टीम ने बिना नंबर प्लेट वाली नीले रंग की सुजुकी स्कूटी को रोका। वाहन पर रिंकू निषाद (27) और राकेश निषाद (25), दोनों निवासी चक्की घर, एनसीसी कॉलेज मार्ग, बालगंगाधर तिलक वार्ड, थाना कुठला, सवार थे।

वाहन की तलाशी लेने पर दो सफेद बोरियों में 150-150 पाव, कुल 300 पाव अवैध देशी मसाला मदिरा बरामद हुई। इसकी कुल मात्रा 54 बल्क लीटर है। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत 32 हजार 500 रुपये बताई गई है। कार्रवाई में आबकारी विभाग ने धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर अवैध मदिरा और वाहन जब्त कर लिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी कंट्रोल प्रभारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशा राम उइके, सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रवीण रतन वरकड़े, वृत्त प्रभारी एवं आबकारी एसआई अतुल कुठार, परिवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक सीमा कोल सहित आबकारी मुख्य आरक्षक और आरक्षक शामिल रहे।

दो व्यक्तियों से गांजा किया जब्त

बरही पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके पास से 60 हजार रुपये का गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 9 अक्टूबर को बरही थाना पुलिस कस्बे में भ्रमण के दौरान रेलवे स्टेशन खन्ना बंजारी और खितौली रोड की ओर जा रही थी। इसी दौरान रेलवे पुलिया के नीचे सड़क पर लाल-काले रंग की प्लास्टिक की बोरी लेकर जा रहा एक व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान पहचान पारधी (25), निवासी पारधी मोहल्ला, ग्राम खिरहनी, थाना बरही के रूप में बताई। बोरी की तलाशी लेने पर पीले रंग की पन्नी में रखा गांजा बरामद हुआ। तौल करने पर उसका वजन 6 किलो 20 ग्राम निकला।

पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे सहित बरही थाने के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इसी तरह विजयराघवगढ़ पुलिस ने एक व्यक्ति को 4 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 9 अक्टूबर की दरमियानी रात विजयराघवगढ़ थाना पुलिस की टीम रात्रि गश्त कर रही थी। इसी दौरान ग्राम हिनौता में महानदी के नवीन पुल के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक की बोरी लेकर संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर पूछताछ करने का प्रयास किया, लेकिन वह पुलिस वाहन देखकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर पूछताछ की। उसकी पहचान उत्तम पारधी (42), निवासी ग्राम खिरहनी, थाना बरही, जिला कटनी के रूप में हुई। उसके पास मौजूद प्लास्टिक की बोरी की तलाशी लेने पर उसमें 4 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक जयराम साकेत एवं आरक्षक नीतेश सिंह की प्रमुख भूमिका रही।



रात 10 बजे के बाद पंडालों में नहीं बजेंगे डीजे साउंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

शारदेय नवरात्र का पर्व 11 अक्टूबर रविवार से शुरु होगा। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र मे शारदेय नवरात्र व दशहरे का पर्व भक्तिभाव व आस्था के साथ उल्लासपूर्वक मनाया जाये इसको लेकर शुक्रवार को स्लीमनाबाद थाना मे शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा ने राज्य व जिला प्रशासन के द्वारा जारी गाइडलाइन से समिति सदस्यों व गणमान्य नागरिकों को अवगत कराते हुए दिशा -निर्देशों के अनुपालन हेतु निर्देशित किया।

तहसीलदार आकाशदीप नामदेव ने कहा कि नवरात्र पर्व पर दुर्गा पंडालो मे रात 10 बजे के बाद डीजे साउंड नहीं बजेगा!सोशल मीडिया पर धर्म ओर देवी -देवताओं को लेकर कोई भी अर्नगल टिप्पणी न करें। पंडालो ओर चल समारोह के दौरान धार्मिक गानों के अलावा फ़ल्मी गाने बजने पर कार्रवाई होगी। उन्होने कहा कि दुर्गा प्रतिमाएँ स्थापित करने के लिए मुख्य मार्ग पर पंडाल न लगाए ताकि आवागमन बाधित न हो। दुर्गा पंडाल मे रात्रि के समय कम से कम दो समिति सदस्य रुके, जो पुलिस के संपर्क मे रहे। समितियाँ दुर्गा पंडालो मे सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। आगजनी से बचने हेतु पंडाल मे संसाधन ओर फस्ट एड बॉक्स रखें!बिजली तार के समीप दुर्गा पंडाल नहीं बनाये। विसर्जन के दौरान छोटे बच्चों को घाटों तक नहीं लेकर जाये!वहीं कनिष्ठ अभियंता ने कहा कि दुर्गा पंडालो मे बिजली के लिए समितियाँ टीसी कनैक्शन लें। बगैर टीसी कनेक्शन ओर चोरी की बिजली उपयोग करते हुए पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने कहा कि लाउड स्पीकर बजाने के संबंध मे सर्वोच्च न्यायलय की गाइड लाइन एवं कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानो का पालन आवश्यक होगा।

भगवान श्रीराम ने तोड़ा शिवधनुष, सीता ने पहनाई जयमाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शक्ति की भक्ति के आराधना का पर्व शारदेय नवरात्र का आगाज रविवार से हो जायेगा ।शारदेय नवरात्र पर्व को लेकर स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे जगह -जगह रामलीला का मंचन शुरू हो गया है। स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत तेवरी में स्थानीय श्रीकृष्ण एवं नाट्य मंडली समिति तेवरी के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है।गुरुवार को रामलीला मंचन मैं श्रीराम -जानकी विवाह मंचन हुआ। राजा जनक ने सीता के विवाह के लिए प्रण रखा कि जो भी शिव धनुष को भंग करेगा उसी के साथ सीता का विवाह होगा।इसके लिए देश देशांतर आमंत्रण पत्र भेजा गया।बड़े बड़े राजा-महाराजा जनकपुर आये हुए थे ।सभी राजाओं ने शिव धनुष को उठाने भरपूर जोर लगाए लेकिन उठना तो दूर शिव धनुष हिल तक नही पाया।तब राजा जनक को पश्चताप हुआ।तब विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम उठे व शिव धनुष को भंग कर दिया।शिव धनुष टूटते ही सभी राजा अचंभित रह गए।

शिव धनुष टूटने के बाद सीता ने भगवान श्रीराम को जयमाला पहनाई।लक्ष्मण-परशुराम संवाद आयोजित-शिव धनुष टूटने की ललकार सुनते ही परशुराम जनकपुर पहुँचे।जहां परशुराम लक्ष्मण संवाद हुआ।लक्ष्मण ओर परशुराम के बीच लंबे समय तक शब्दों की लड़ाई चलती रही।अंत मे भगवान श्रीराम आगे आये व कहा कि यह शिव धनुष मुनिराज हमने थोड़ा है जो दंड देना हो हमे दे ।अंत मे परशुराम ने भगवान श्रीराम को पहचान लिया व शीश झुकाया।फिर अवधपुरी विवाह का आमंत्रण भेजा गया।जहां अवधपुरी से बारात जनकपुर आई।जहां विधि विधान से श्रीराम जानकी विवाह संपन्न कराया। यह समारोह रात आठ बजे से बारह बजे तक चला। विवाह जिस तरह कराया गया लोगों में अपार खुशी दिखाई दी। इस मौके पर कोई गीत मंगल गा रहा था तो कोई नृत्य कर रहा था।विवाह से पूर्व भगवान श्रीराम बाटिका में पुष्प तोडने जाते हैं, उसका वर्णन गीतों के माध्यम से किया गया। उसके बाद श्रीराम घोड़े पर सवार होकर आए और राजा जनक के दरवाजे पर उनकी अगवानी की गई। श्रीराम मंचासीन हुए। उसके माता जानकी को लाया गया। चारों तरफ से राम राजा व माता जानकी की जय जयकार गूंज रही थी, श्रद्धालु पुष्पा वर्षा कर रहे थे। मंत्रोच्चारण के साथ विवाह की पूरी रस्म कराई।

तेवरी में श्रीराम बारात निकाली गई। ग्रामीणजन बाराती बने।शुक्रवार को रामलीला मंचन मैं पाँव पखरी कार्यक्रम आयोजित हुआ। महिला-पुरुष व बच्चों ने भगवान श्रीराम व माता जानकी के पैर पखारे और भेंट प्रदान की।

विद्यार्थियों को प्रदूषण एवं जल संचय के प्रति किया जागरूक



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शुक्रवार को तहसील ढीमरखेड़ा स्थित मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती पूर्वी तिवारी की उपस्थिति में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों को प्रदूषण, प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और जल संचय के महत्व की जानकारी दी गई। शिविर में वन्य सेतु के संचालक अक्षत शर्मा, सहायक संपादक सुश्री सुप्राक्षी खरे एवं सदस्य आदित्य पाण्डेय ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए उनसे प्रश्न पूछे। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। शिविर के समापन अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती पूर्वी तिवारी तथा वन्य सेतु की टीम ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान कुल 25 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में अशोक पाण्डेय, जय किशोर शुक्ला, नायब नाजिर शक्ति संजय सिंह, संतोष सिंह, शिवम उपाध्याय सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी, डिजिटल सावधानी पर बरतने दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



बरही सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बरही, में "साइबर सुरक्षा, डिजिटल सावधानी एवं सुरक्षित नागरिकता" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अरविंद चौबे, थाना प्रभारी, बरही ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल एवं लिंक, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।विनोदकांत सिंह, उपनिरीक्षक, थाना बरही ने साइबर अपराध की विभिन्न घटनाओं एवं उनसे बचने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को संदिग्ध लिंक, OTP, पासवर्ड एवं बैंक संबंधी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करने की सलाह दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में प्रत्येक नागरिक के लिए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना आवश्यक है उन्होंने विद्यार्थियों से डिजिटल संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक एवं सुरक्षित उपयोग करने का आह्वान किया ।कार्यक्रम का संचालन डॉ. सौरभ तिवारी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एस. एस. धुर्वे उपस्थित रहे।

पालन घर का निरीक्षण कर आयुक्त ने सुविधा विस्तार के दिये निर्देश

पालन घर बच्चों को महज के रखने का स्थान नहीं, सीखने की पाठशाला भी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल एवं उनके बेहतर भविष्य की परिकल्पना को साकार कर रही नगर निगम की महत्वपूर्ण योजना पालन घर की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने टी.सी. बजन स्कूल में संचालित पालन घर का निरीक्षण किया।

गतिविधियों का अवलोकन

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने पालन घर में उपस्थित नौनिहालों से आत्मीयता से बातचीत की, उनकी रचनात्मक गतिविधियों का अवलोकन किया और उन्हें सिखाई जा रही गतिविधियों की जानकारी केयर टेकर पूनम बानामी से ली। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति पंजी, पोषण आहार, पेयजल व्यवस्था, खेल सामग्री एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

शारीरिक एवं बौद्धिक विकास न रहे कोई कमी

निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि पालन घर में बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बच्चों के लिए और अधिक ज्ञानवर्धक खिलौने, चार्ट, पठन सामग्री एवं खेल उपकरण उपलब्ध कराए जाएं एवं अलमारी की भी व्यवस्था की जाए। निगमायुक्त ने पालन घर के पीछे रिक्त स्थल का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल का निर्माण कर स्थल को विकसित किया जाए, ताकि उसका उपयोग बच्चों के आउटडोर खेल क्षेत्र एवं सुविधाओं के विस्तार के लिए किया जा सके। उन्होंने कहा कि पालन घर केवल बच्चों को रखने का स्थान नहीं, बल्कि उनके संस्कार और सीखने की पहली पाठशाला है। यहां का वातावरण घर जैसा सुरक्षित, स्वच्छ और प्रेरणादायक होना चाहिए।

इस दौरान निगमायुक्त ने परिसर में संचालित जोन कार्यालय एवं अतिक्रमण कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण एवं कार्यालय परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

नवरात्रि, जवारा विसर्जन एवं दशहरा की व्यवस्थाओं को लेकर आदेश

पर्वों के दौरान सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त रखने अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी नवरात्रि, जवारा विसर्जन एवं दशहरा पर्व को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए कार्यादेश जारी कर विभागवार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में व्यवस्थाएं पूर्ण करने तथा पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार नवरात्रि पर्व 11 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। 19 अक्टूबर को जवारा विसर्जन तथा 20 अक्टूबर को दशहरा चल समारोह एवं दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। दशहरा चल समारोह पूर्व वर्षों की भांति शाम 5 बजे स्टेशन रोड स्थित कमानिया गेट से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, झंडा बाजार, शेर चौक एवं आजाद चौक होते हुए मोहन घाट, गाटरघाट सहित विभिन्न विसर्जन स्थलों तक पहुंचेगा।

विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था

लोक निर्माण शाखा को मुख्य मार्गों, देवी मंदिरों के पहुंच मार्गों, चल समारोह मार्गों एवं विसर्जन स्थलों तक जाने वाले रास्तों के गड्ढों की मरम्मत तथा अमृत योजना के अंतर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों का रेस्टोरेशन कर आवागमन योग्य बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मोहन घाट, गाटरघाट एवं अन्य चिन्हित स्थलों पर निर्धारित पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप कृत्रिम विसर्जन कुंड, बैरिकेडिंग, पंडाल, बैठक व्यवस्था, वॉच टावर, तैराक, गोताखोर, होमगार्ड, लाइफ जैकेट एवं मोटर बोट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित जलकुंडों में ही कराने पर विशेष जोर दिया गया है।

इन व्यवस्थाओं पर विशेष जोर

पर्व के दौरान सफाई व्यवस्था का दायित्व स्वास्थ्य अधिकारी श्री संजय सोनी एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया है। मंदिरों, विसर्जन कुंडों, पहुंच मार्गों एवं चल समारोह मार्गों की विशेष सफाई, चूने की लाइनिंग, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, सड़कों पर मवेशियों की रोकथाम, महिलाओं के लिए चलित शौचालय तथा पंडालों में डस्टबिन एवं स्वयंसेवकों की व्यवस्था की जाएगी। नगर के 45 वार्डों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं की सूची तैयार कर विसर्जन कुंड प्रभारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टैंकरों से मंदिरों में पेयजल उपलब्ध कराने, विसर्जन कुंडों में पानी भरने तथा प्रमुख चौराहों पर टैंकर तैनात करने की व्यवस्था की जाएगी। पुलिस कंट्रोल रूम में फायर ब्रिगेड वाहन मय स्टाफ तैनात रखने तथा अन्य अग्निशमन वाहनों को भी तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। विसर्जन स्थलों पर आवश्यकतानुसार हाइड्रा, जेसीबी एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं।

निगमायुक्त ने जवारा विसर्जन मार्गों एवं प्रतिमा स्थापना स्थलों के आसपास आवागमन में बाधक अस्थायी अतिक्रमण हटाने, जर्जर भवनों के असुरक्षित छज्जों पर लोगों के बैठने पर रोक लगाने, चेतावनी बोर्ड लगाने तथा सतत पेट्रोलिंग के निर्देश दिए हैं। प्रतिबंधित विसर्जन स्थलों की जानकारी, निर्धारित विसर्जन कुंडों एवं आवश्यक सावधानियों का समाचार पत्रों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मिट्टी से निर्मित दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करने तथा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विसर्जन व्यवस्था संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

पंजीयन एवं ऑनबोर्डिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) के पंजीयन एवं ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र कटनी प्रेम नारायण तिवारी को निर्वाचन साक्षरता क्लब का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

शैक्षणिक संस्थानों में संचालित होंगे निर्वाचन साक्षरता क्लब

निर्वाचन साक्षरता क्लब का उद्देश्य भावी एवं नए मतदाताओं में निर्वाचन संबंधी जानकारी और जागरूकता को बढ़ावा देना है। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं तकनीकी महाविद्यालयों में ईएलसी के माध्यम से विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। निर्वाचन साक्षरता क्लब 2.0 के अंतर्गत इन क्लबों का संरचित एवं मॉड्यूल आधारित पंजीयन, ऑनबोर्डिंग तथा गतिविधियों की मॉनिटरिंग ईएलसी पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

पंजीयन के लिए प्रोत्साहन

नोडल अधिकारी द्वारा जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शैक्षणिक संस्थानों को निर्वाचन साक्षरता क्लब के पंजीयन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर व्यापक जानकारी एवं जागरूकता के उद्देश्य से आवश्यक संचार गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी।

खबर संक्षेप

दीपावली पर अस्थायी आतिशबाजी लाइसेंस के लिए ऑनलाइन

दमोह। दीपावली पर्व के दौरान आतिशबाजी के क्रय-विक्रय के लिए अस्थायी लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जारी आदेशानुसार मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग के निर्देशों के तहत अस्थायी आतिशबाजी लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रताप नारायण यादव ने बताया आगामी दीपावली त्योहार पर अस्थायी आतिशबाजी विक्रय के लिए पात्र आवेदक मध्यप्रदेश ई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से निर्धारित शुल्क का भुगतान करते हुए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होने कहा ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदक को आवेदन पत्र की प्रति आवश्यक दस्तावेजों सहित एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। जिले के समस्त आतिशबाजी लाइसेंसधारियों के दीपावली त्यौहार के दौरान पूर्व से जारी अस्थायी आतिशबाजी लायसेंसोको निरस्त किया जाता है।

सामुदायिक भवन का हुआ उद्घाटन

जबेरा। जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत कलहरा खेड़ा के ग्राम पिपरिया जुगराज के ऊपर मोहल्ला में करीब 12 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का 9 अक्टूबर 2026 को उद्घाटन किया गया। मोहल्लेवासियों की लंबे समय से भवन निर्माण की मांग थी। जनपद उपाध्यक्ष रश्मि सुजान सिंह के प्रयासों से 15वें वित्त आयोग की निधि से राशि उपलब्ध कराई गई। सरपंच विपिन कुमार जैन द्वारा भवन का निर्माण कराया गया। उद्घाटन अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह, सरपंच विपिन कुमार जैन, सचिव वकील सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य अन्नू रैकवार, देवेंद्र, सतीश कुमार जैन, तखत सिंह ठाकुर, मुकेश सिंह, देव सिंह, महेश अहिरवार, रोजगार सहायक भगवत सिंह, परमू धनगर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। सामुदायिक भवन की सौगात मिलने पर मोहल्लेवासियों में खुशी का माहौल रहा।

मिट्टी-रेत से लदे दो हाइवा और डंपर जब्त

छतरपुर। शहर के महोबा रोड पर खनिज संपदा के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर दी गई दबिश के दौरान टीम ने अवैध रूप से मिट्टी और रेत का परिवहन कर रहे दो हाइवा और एक डंपर को पकड़ा। पकड़े गए वाहनों में क्रमांक **MP** 04 **ZY** 4186 और **MP** 36 **ZJ** 8560 शामिल हैं, जबकि एक हाइवा बिना नंबर का पाया गया।

कॉलेज छात्राओं ने जाना बुंदेलखंड की विलुप्त होती लोक परंपरा का महत्व

पारंपरिक खेल मामुलिया को जीवंत करने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा





बुंदेलखंड के प्रसिद्ध पारंपरिक खेल मामुलिया, जो वर्तमान समय में धीरे-धीरे विलुप्त होने की कगार पर है, को पुनः जीवंत करने एवं नई पीढ़ी को इससे परिचित कराने के उद्देश्य से हटा नगर के एक रेस्टोरेंट में मामुलिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेमा समाज महिला मंडल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं हटा कॉलेज की छात्राओं ने सहभागिता की।

आयोजनकर्ता सौरभ नेमा ने बताया कि नेमा समाज की बैठक के दौरान महिला मंडल द्वारा पितृ पक्ष में आयोजित होने वाले पारंपरिक मामुलिया कार्यक्रम को पुनः आयोजित करने की बात रखी गई थी। इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए नेमा समाज महिला मंडल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका उद्देश्य बुंदेलखंड की इस पारंपरिक लोक परंपरा से नई पीढ़ी परिचित हो और इसे आगे भी संरक्षित रखा जा सके।

मामुलिया गीतों से गूंजा आयोजन स्थल-

कार्यक्रम में नेमा समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक मामुलिया गीतों की प्रस्तुति दी गई। भारती नेमा एवं महिला इकाई की महिलाओं ने सामूहिक रूप से गीत गाकर आयोजन को पारंपरिक रंग प्रदान किया। महिलाओं ने सामूहिक बधाई नृत्य भी प्रस्तुत किया जिससे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा। मामुलिया आयोजन में हटा कालेज की छात्राओं ने भाग लेकर इस तरह की लोक परंपराओं को आगे बढ़ाने तथा हर वर्ष मामुलिया का आयोजन करने की बात कही।

सुनार नदी के सुरई घाट पर किया विसर्जन-

कार्यक्रम के समापन अवसर पर नेमा समाज की महिलाओं ने सामूहिक रूप से बधाई नृत्य किया। इसके बाद मामुलिया को नगर के प्रमुख मार्गों से ले जाते हुए रामगोपाल जी मंदिर स्थित सुरई घाट पहुंचाया गया, जहां विधिवत उसका विसर्जन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। जिसमें रेखा पटेल, सपना खरे, मालती ठाकुर, साधना गर्ग, कौशल्या बेढिया, प्रियंका दुबे, मीना विदुआ, गोमती सोनी, सरस्वती कोरी, प्रियंका सिंह राजपूत, मीना व्यास, संतोषी ताम्रकार, रिंकी, स्वाति दीक्षित, मधु तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

हिण्डोरिया में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शिविर सम्पन्न...

पीएम योजना सहित विभिन्न योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया-विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया



। हिंडोरिया से उनका पुराना जुड़ाव रहा है। लगभग 42 वर्ष पूर्व विधायक बनने के बाद से वे निरंतर जनता के बीच रहकर जनसेवा का प्रयास करते रहे हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने में कोई परेशानी हो, तो समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस आशय की बात प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने हिंडोरिया के राजगढ़ी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कही। विधायक श्री मलैया ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है। गांवों में पक्के मकान, बढ़ती सुविधाएं और रहन-सहन में बदलाव विकास के प्रतीक हैं। उन्होंने नागरिकों से मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा अपनी समस्याओं और अपेक्षाओं से अवगत कराने की अपील की, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने कहा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन के बीच सीधा संवाद शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में 8 जनवरी तक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और उसे आर्थिक कठिनाइयों से राहत मिले।

पूर्व विधायक प्रदुम्न सिंह ने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर को जनहित की महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा आज पूरा प्रशासन आमजन के बीच मौजूद है। विभिन्न विभागों के स्टॉल के माध्यम से लोगों की समस्याओं के समाधान की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुल पगारे ने कहा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत 7 अक्टूबर से शुरू हुए शिविर 9 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे। अभियान के माध्यम से जनसमस्याओं के निराकरण, शासकीय सेवाओं की उपलब्धता और योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ वितरित किए गए। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के माध्यम से आचार्य विद्यासागर डेयरी पालन के लिए 1 लाख रूपये का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। उद्यम क्रांति योजना के तहत संतोष चौरसिया को मोबाइल दुकान के लिए 2 लाख रूपये, राहुल जैन को पेट्रोल पंप स्थापना के लिए 25 लाख रूपये तथा प्रकाश पटेल को टेंट व्यवसाय के लिए 2 लाख रूपये की ऋण स्वीकृति प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान पात्रता वाले 5 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड मंच से वितरित कराए गए। शिविर के दौरान 54 हितग्राहियों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच -परामर्श सेवा दी गई।आयुष्मान पात्रता वाले 18 नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कृषि विभाग के माध्यम से एक हितग्राही को स्प्रेयर पंप कृषि यंत्र प्रदान किया गया। इसके साथ लाड़ली लक्ष्मी योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को भी हितलाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम दौरान क आधार कार्ड में त्रुटि सुधार एवं नवीन आधार कार्ड निर्माण की भी व्यवस्था रही।

नगर परिषद में पौधारोपण, हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेरा



पर्यावरण संरक्षण और नगर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर परिषद पटेरा में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगर परिषद कर्मचारियों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवार, पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर लाल तातुवा, पार्षद पुष्पेंद्र सोनी, मुन्ना अवधिया, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ ताम्रकार, बेनी चौरसिया, दयाशंकर चौबे, इंजीनियर नितिन सांडेय, नगर परिषद लेखापाल सुनील पाण्डेय, कांशीराम साहू, अभिषेक राठौर एवं विजय ताम्रकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम मंद वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना जरूरी है। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों के आसपास पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाएं। नगर परिषद प्रतिनिधियों ने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ हरियाली बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास लगातार किए जाएंगे। पौधारोपण कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पर्यावरण संरक्षण को जनअभियान बनाने का संदेश दिया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत महाविद्यालय में वृहद वृक्षारोपण



हटा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में विकासखंड हटा की नवांकुर संस्थाओं के सहयोग से राघवेंद्र सिंह हजारी शासकीय महाविद्यालय में विधायक उमा देवी खटीक के मुख्य आतिथ्य में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां लगभग 100 छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, हरित परिसर का निर्माण करना तथा आमजन को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधन, कर्मचारीगण, सीएमसी एलडीपी परामर्शदाताओं एवं छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण में सक्रिय भागीदारी निभाई। सामूहिक सहभागिता के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।यह वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान की भावना को साकार करते हुए सामाजिक सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी उदाहरण बना। अवसर पर जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, मयंक पप्पू खटीक, भोले सराफ एवं सोमिल हजारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक व महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश अहिरवार,आशा राठौर,व कालेज स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीएमसी एलडीपी परामर्शदाता प्रिंस दीप खटीक, नरेंद्र सिंह, कृष्णकांत लखेरा एवं सुनील सेन का विशेष सहयोग रहा।

टंडगंड ऋषि आश्रम में रोपे 100 पौधे



दमोह। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के संवर्धन के उद्देश्य से शुक्रवार, 9 अक्टूबर 2026 को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत टंडगंड ऋषि आश्रम, जबेरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 100 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम समाजसेवी भाव सिंह लोधी, रूपेश सेन, राजेश सिंघई, रानू नामदेव, बंटी दुबे, प्रदीप जैन तथा वन विभाग से रेंजर मनीष पटेल एवं प्रवीण तिवारी सहित विभागीय स्टाफ और ग्रामवासी उपस्थित रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और प्रकृति के महत्व का संदेश देना रहा। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पौधों के संरक्षण एवं उनके उचित रखरखाव के महत्व पर भी जोर दिया गया। पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखकर वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करना भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र के विस्तार का संदेश दिया गया।

महाविद्यालय और बैंक की कार्यप्रणाली से रूबरू हुए 151 विद्यार्थी



तेंदूखेड़ा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारादेही के व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत इंडस्ट्री विजिट कराया गया। विद्यालय से करीब 24 किलोमीटर दूर तेंदूखेड़ा पहुंचकर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय एवं बैंक की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। इस दौरान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, बैंकिंग व्यवस्था तथा विभिन्न रोजगारपरक गतिविधियों की जानकारी दी गई। इंडस्ट्री विजिट की शुरुआत वीरांगना रानी दुर्गावती महाविद्यालय तेंदूखेड़ा के भ्रमण से हुई। यहां महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा उच्च शिक्षा के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विभिन्न प्रयोगशालाओं और पुस्तकालय का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने प्रयोगशालाओं में होने वाली गतिविधियों और पुस्तकालय में उपलब्ध अध्ययन सामग्री के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद विद्यार्थियों को भारतीय स्टेट बैंक शाखा तेंदूखेड़ा ले जाया गया। यहां शाखा प्रबंधक एवं सहायक शाखा प्रबंधक ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए बैंक में खोले जाने वाले विभिन्न प्रकार के खातों, ब्याज दरों तथा बैंक द्वारा आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा सरल तरीके से जवाब दिया गया। इसके पश्चात सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा तेंदूखेड़ा का भ्रमण कराया गया। शाखा प्रबंधक ने विद्यार्थियों को बैंक की कार्यप्रणाली, बैंकिंग सेवाओं और दैनिक बैंकिंग गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के साथ बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में भी समझाया गया। भ्रमण के अंत में विद्यार्थियों को बड़ी खेरमाई मंदिर के दर्शन कराए गए तथा भोजन कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण में आईटी एवं बैंकिंग ट्रेड के कुल 151 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए विद्यालय के प्राचार्य के.एल. चौकसे, उच्च माध्यमिक शिक्षक अतुल जैन, आईसीटी प्रशिक्षक नीलेश विश्वकर्मा, व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षक पूजा पांडे एवं वोकेशनल ट्रेनर शिवानी साहू उपस्थित रहीं। इंडस्ट्री विजिट के दौरान विद्यार्थियों को कक्षा में मिलने वाली जानकारी के साथ-साथ वास्तविक कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। विभिन्न संस्थानों की गतिविधियों और अधिकारियों से मिली ज्ञानवर्धक जानकारी से विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आए। भ्रमण पूर्ण होने के बाद सभी विद्यार्थी बसों से वापस अपने विद्यालय तारादेही लौटे।

मध्यप्रदेश एकता परिषद एवं शासन-प्रशासन के मध्य जिला स्तरीय समन्वय बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



08 अक्टूबर 2026 दिन बृहस्पतिवार की शाम 05 बजे से कलेक्ट्रेट के सभागार मे कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में जिले भर के वंचित, गरीब, भूमिहीन, आवासहीन, आदिवासियों एवं वन्य निवासियों के भूमि एवं आजीविका के जटिल होते मुददों के समाधान को लेकर जन संगठन म. प्र. एकता परिषद के चयनित मुखियाओं एवं शासन-प्रशासन के मध्य जिला समन्वयं बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे डीएफओ ईश्वर जरांडे, जिला पंचायत सीईओ फुलपगारे, जनजातीय कार्य विभाग संयोजक आदिति शाण्डिल्य, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, बिजली विभाग, खाद्य विभाग सहित अनेक जिला के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। इस सम्बन्ध में एकता परिषद के जिला समन्वयक सुजात खान ने बताया कि बैठक मे भूमि एवं आजीविका के मुददों पर हुये विमर्श एवं निर्णय के अनुसार जिले मे वनाधिकार कानून के सभी लम्बित दावों के निराकरण एवं त्रृटिपूर्ण दावों के सुधार हेतु विशेष सक्रिय अभियान जनजातीय कार्य विभाग दमोह एवं वन विभाग दमोह व्दारा चलाया जायेगा। साथ ही वनाधिकार पत्र धारक सभी आदिवासी कृषक को ट्रैक्टर से खेती करने से नहीं रोका जाएगा। नर्सरी, बाड़ी आदि लगाने के नाम पर छीनी गई आदिवासियों की भूमि के मामलों की जांच कराई जाकर पीड़ितों को हक़- न्याय दिलाया जायेगा। जिले के वनभूमि-राजस्व भूमि के सीमांकन एवं कब्जा सम्बन्धी सभी विवाद शांति पूर्वक विधिवत कार्यवाही कर सुलझाये जायेंगें। केन्द्र एवं राज्य शासन की संचालित कृषि विकास से सम्बन्धित सभी सुविधाओं से वनपत्र धारक आदिवासी किसानों को जोड़ा जायेगा।

वनाधिकार कानून के तहत लम्बित दावों या राजस्व भूमि आवेदन पत्रों के निराकृत होने तक जिले मे किसी भी आदिवासी एवं अन्य वन्य निवासी काबिज कृषक की बेदखली की कार्यवाही नही की जायेगी। अज्ञात कारणवश दमोह जिले मे रोके गये सभी वनाधिकार पत्र शीघ्र वितरित किये जायेंगे। बैठक मे एकता परिषद की विशेष मांग पर जिला शासन-प्रशासन की ओर से केन्द्र सरकार को आवासहीन परिवारों की भविष्य की रहवासीय व्यवस्था सुनिश्चित करने राष्ट्रीय आवासीय भूमि अधिकार कानून बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने का निर्णय भी लिया गया। नव आंगनबाड़ी केन्द्र भवन एवं सड़क निर्माण के अलावा शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, स्कूलों इत्यादि से संम्बध्द सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण भी सुनिश्चित किया जायेगा।कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले भर से आये सभी मुखियाओं को बडी.संवेदनशीलता एवं गंभीरता से विमर्श के दौरान सुना। और कहा कि आगे भी भूमि एवं आजीविका के सभी मुद्दे इसी तरह शांतिपूर्वक आपसी समन्वयन के साथ निराकृत किये जायेंगे। साथ ही कार्य की प्रगति-चुनौतियों पर सभी के साथ समीक्षा हेतु समय समय पर जिला समवयं बैठक भी आयोजित करेंगे।बैठक मे संगठन के चयनित 80 मुखिया साथियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ अन्य सामाजिक कार्यकर्ता, समाज शिल्पी मौजूद रहे।

पटवारियों ने ज्ञापन सौंपकर शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

कलमबंद हड़ताल के साथ तहसील कार्यालय में जमा किए बस्ते, किसानों के राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने की आशंका



तेंदूखेड़ा। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर तेंदूखेड़ा तहसील के समस्त पटवारियों ने शुक्रवार से कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के दौरान पटवारियों ने अपने बस्ते तहसील कार्यालय में जमा कर दिए और तहसीलदार विवेक व्यास को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। पटवारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। पटवारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भानु साहू ने बताया कि पूरे प्रदेश में पटवारियों के खिलाफ की जा रही कड़ी कार्यवाहियों के विरोध में मध्यप्रदेश पटवारी संघ द्वारा यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर तेंदूखेड़ा तहसील के सभी पटवारी भी हड़ताल में शामिल हुए हैं। इस दौरान पटवारियों ने शासन से उनकी समस्याओं और मांगों का निराकरण करने की मांग की है। पटवारियों के हड़ताल पर जाने से तहसील क्षेत्र में किसानों से जुड़े राजस्व कार्य प्रभावित होने की संभावना है। वर्तमान समय में खेतों की गिरदावरी, फसल संबंधी आपत्तियों का निराकरण, फसल सुधार तथा किसानों के फसल पंजीयन सहित कई महत्वपूर्ण कार्य चल रहे हैं।

पटवारियों के काम बंद करने से इन कार्यों की प्रक्रिया प्रभावित होने के साथ किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान योगेश मेहरा, अंकुर गुरु, समीर खान, शुभम पांडे सहित तहसील क्षेत्र के अन्य पटवारी मौजूद रहे। पटवारियों ने कहा कि वे संघ के निर्णय के अनुसार आंदोलन जारी रखेंगे और शासन द्वारा मांगों पर उचित निर्णय लिए जाने की प्रतीक्षा करेंगे।

8.80 लाख रुपये का मशरूका बरामद, चोरी गई ट्राली और वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त

फुटेरा पुलिस ने ट्राली चोरी का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फुटेराकलां



दमोह जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी फुटेरा पुलिस ने खेत से ट्राली चोरी होने के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई ट्राली, जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई गई है, तथा चोरी की वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर, जिसकी कीमत करीब 8 लाख रुपये है, बरामद किया है। इस प्रकार पुलिस ने कुल करीब 8 लाख 80 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

खेत से चोरी हुई थी ट्राली

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम फुटेरा कलां निवासी दामोदर पिता कालूराम लोधी, उम्र 55 वर्ष, ने दिनांक 7 अक्टूबर 2026 को चौकी फुटेरा में आवेदन देकर ट्राली चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि खेत से ट्राली चोरी हो गई थी। शिकायत के आधार पर थाना बटियागढ़ में अपराध क्रमांक 304/26, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित हुई विशेष टीम

मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक दमोह श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। एसडीओपी पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी तथा थाना प्रभारी बटियागढ़ श्रीमती रजनी शुक्ला के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी फुटेरा आनंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

पुलिस टीम ने जांच और तलाश के बाद ट्राली चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से चोरी गई ट्राली और वारदात में इस्तेमाल किया गया ट्रैक्टर बरामद किया गया।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में बाबा उर्फ सुंदरलाल यादव पिता लट्टू यादव, निवासी ग्राम फुटेरा, थाना बटियागढ़, जिला दमोह, दिनेश पटेल, पिता कड़ोरी पटेल, निवासी ग्राम सागोनी, थाना रजपुरा, जिला दमोह, तानू भीलपिता सुरतान भील, निवासी शहपुरा माल, थाना रजपुरा के नाम शामिल है।

8 लाख 80 हजार रुपये का मशरूका बरामद

पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के दौरान आरोपियों से चोरी गई ट्राली, जिसकी अनुमानित कीमत 80 हजार रुपये है, और चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर, जिसकी अनुमानित कीमत 8 लाख रुपये है, बरामद किया गया। बरामद संपत्ति का कुल अनुमानित मूल्य 8 लाख 80 हजार रुपये है।

पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी फुटेरा सहायक उपनिरीक्षक आनंद कुमार, प्रधान आरक्षक क्रमांक 462 फिरदौस तथा आरक्षक क्रमांक 257 राज राजपूत की सराहनीय भूमिका रही। फुटेरा चौकी पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटना का खुलासा हुआ है। पुलिस ने मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की है।

14 किलो से अधिक गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

दमोह। दमोह पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 14 किलो 378 ग्राम गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 2 लाख 87 हजार 600 रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, 8 अक्टूबर 2026 को सागर नाका पुलिस चौकी को मुखबिर से सूचना मिली थी। इसके आधार पर सरदार वल्लभभाई पटेल न्यू ओवरब्रिज के पास कार्रवाई कर राजेश जैन (41), निवासी वार्ड क्रमांक 4, घांघरी मार्ग, नोहटा को गांजे के साथ पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध थाना दमोह देहात में अपराध क्रमांक 723/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस गांजे के स्रोत का पता लगाने में जुटी है।

इस अवसर पर निरीक्षक धर्मेंद्र उपाध्याय, उपनिरीक्षक विक्रम दांगी, सहायक उपनिरीक्षक जागेश्वर साहू, प्रधान आरक्षक नीरज श्रीवास्तव एवं रामकुमार तथा आरक्षक अरविंद, गोपाल सिंह और सोहिल खान की कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

तालाब में दिखा 10 फीट लंबा मगरमच्छ

रात में खेत की मेड़ पर भी आया नजर,ग्रामीणों में दहशत

तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के पुरेनहाऊ ग्राम का मामला मगरमच्छ को पकड़ने वन विभाग ने पिंजरा लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत मुंडेरी ग्राम पंचायत के ग्राम पुरेनहाऊ में शुक्रवार दोपहर तालाब में मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल तेजगढ़ रेंज के वन विभाग के अधिकारियों को दी। इसके बाद वनकर्मियों की टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह पानी के अंदर चला गया। इस कारण उसका रेस्क्यू नहीं हो सका। मगरमच्छ गुरुवार रात भी गांव में सड़क पर घूमता दिखाई दिया था।

खेत की मेड़ पर बैठा मिला था मगरमच्छ

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, गुरुवार रात एक किसान खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसे रतन सिंह के खेत की मेड़ पर मगरमच्छ बैठा दिखाई दिया। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिन पहले यही मगरमच्छ एक घर के आंगन तक भी पहुंच गया था। अब तालाब में उसकी मौजूदगी सामने आने के बाद लोगों को अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही है।

पकड़ने के लिए वन विभाग ने लगाया पिंजरा

तेजगढ़ रेंज के डिप्टी रेंजर चंद्र नारायण चौबे ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को खोजने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। हालांकि, मगरमच्छ पानी में चला गया, जिससे उसे पकड़ा नहीं जा सका। उसे पकड़ने के लिए क्षेत्र में पिंजरा भी रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों से दोबारा लोकेशन मिलने पर टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने का प्रयास करेगी।

ब्यारमा नदी में बड़ी संख्या में हैं मगरमच्छ

ब्लॉक के तारादेही सर्रा व झलौन होते हुए नोहटा जबेरा से होकर गुजरने वाली ब्यारमा नदी में बड़ी संख्या में मगरमच्छ पाए जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, कई बार मगरमच्छ नदी से बाहर निकलकर रहवासी इलाकों या छोटे तालाबों तक पहुंच जाते हैं। हालांकि, इस मामले में अब तक मगरमच्छ के हमले में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं मिली है।

तालाब और नदी से दूर रहने की अपील

वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से तालाब और नदियों के आसपास जाने से बचने की अपील की है। मगरमच्छ दिखाई देने पर उसके करीब जाने या पकड़ने का प्रयास करने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना देने की सलाह दी गई है पिंजरा लगाए जाने के बाद अब वन विभाग की टीम मगरमच्छ की लोकेशन मिलने का इंतजार कर रही है।

दमोह में आरती नृत्य प्रतियोगिता आज

दमोह। श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जबलपुर नाका में महिला आरती नृत्य प्रतियोगिता आज दिनांक 10 अक्टूबर शनिवार को रात्रि 08 बजे से आयोजित की गई है। जिसमें आकर्षक पुरूष्कार के साथ एकल नृत्य में श्रेष्ठ प्रस्तुति के लिय नृत्य श्री एवं समूह नृत्य श्रेष्ठ प्रस्तुति के लिये कला श्री उपाधि से प्रतियोगियों को सम्मानित किया जायेगा। उक्त विज्ञप्ती संयोजक सुधीर विद्यार्थी ने जारी करते हुये बताया कि कार्यक्रम में एकल एवं समूह नृत्य की भव्य प्रस्तुतियां होगी जिसमें दमोह विधायक एवं मप्र शासन के पूर्व वित मंत्री जयंत मलैया कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगें। संयोजक श्री विद्यार्थी ने सभी से इस आयोजन में उपस्थिती की अपील की है।

हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा, सप्तमी की तिथि दो दिन, अष्टमी-नवमीं एक ही दिन

आज पितृपक्ष के समापन के साथ कल 11 अक्टूबर से शुरू होगा देवीपक्ष

हटा। पितृपक्ष में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और तर्पण के बाद अब शक्ति आराधना के पर्व का कल रविवार से शुभारंभ होगा। आज सर्वपितृ अमावस्या के साथ पितृपक्ष का समापन होगा। और इसी के साथ देवीपक्ष की शुरुआत मानी जाएगी। और कल 11 अक्टूबर, रविवार से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ होगा। इसी दिन घरों और मंदिरों में घटस्थापना के साथ मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना शुरू होगी। इस बार नवरात्रि की शुरुआत रविवार को होने के कारण धार्मिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होगा। इसे सुख, समृद्धि और अच्छी वर्षा का शुभ संकेत माना जाता है। शहर के देवी मंदिरों और प्रमुख धार्मिक स्थलों में भी नवरात्रि की तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। इस बार नवरात्रि की तिथियां भी खास हैं। सप्तमी तिथि का विस्तार दो तारीखों 17 और 18 अक्टूबर तक रहेगा। वहीं 18 अक्टूबर की सुबह अष्टमी तिथि शुरू होने के बाद 19 अक्टूबर को अष्टमी और नवमी का संयोग बनेगा। पंचांग गणना के अनुसार अष्टमी तिथि 18 अक्टूबर की सुबह करीब 8.27 बजे से 19 अक्टूबर की सुबह 10.51 बजे तक रहेगी। 19 अक्टूबर को सूर्योदय के समय अष्टमी विद्यमान रहेगी और सुबह 10.51 बजे के बाद नवमी तिथि शुरू होगी। इसलिए इसी दिन महागौरी की पूजा, कन्या पूजन तथा नवमी के धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। 20 अक्टूबर को विजयादशमी और दशहरा मनाया जाएगा।

नौ दिन की ही होगी नवरात्रि-

आचार्य पंडित बृजेश दुबे के अनुसार तिथियों के दो तारीखों में विस्तार और अष्टमी-नवमी के एक ही दिन आने से भले ही कैलेंडर में तिथियां कुछ अलग दिखाई दे रही हों, लेकिन नवरात्रि नौ दिनों की ही मानी जाएगी। 11 से 19 अक्टूबर तक देवी के नौ स्वरूपों की आराधना होगी और 20 अक्टूबर को दशहरा के साथ पर्व का समापन होगा।

मंदिरों में शुरू हुई नवरात्रि की तैयारी-

शारदीय नवरात्रि को लेकर शहर के देवी मंदिरों में तैयारियां अंतिम पड़ाव पर हैं। मंदिर परिसरों की साफ-सफाई, रंगरोगन, विद्युत सजावट और पूजा व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर मंदिर समितियां नौ दिनों के लिए विशेष पूजा, आरती, भजन और कन्या पूजन की तैयारियों में जुटी हैं। 11 अक्टूबर को घटस्थापना के साथ मंदिरों में नियमित पूजा-अर्चना का क्रम शुरू होगा। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मां चंडी जी मंदिर में दर्शन, प्रसाद और अन्य व्यवस्थाओं को भी व्यवस्थित किया जा रहा है।

भैंस से टकराई बाइक, पति घायल; पत्नी को मामूली चोट, बच्ची सुरक्षित

तेंदूखेड़ा। बेलखेड़ा से अपने ग्राम बिलतरा जा रहे बाइक सवार परिवार की बाइक अचानक सामने आई भैंस से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार नवल लोधी पिता मुलायम लोधी, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम बिलतरा घायल हो गए। उनके सिर और हाथ में चोटें आई हैं। वहीं उनकी पत्नी सीता पति नवल लोधी, उम्र 30 वर्ष, के पैर में मामूली चोट आई है, जबकि उनकी पांच वर्षीय बेटी जीविका लोधी पूरी तरह सुरक्षित है। जानकारी के अनुसार नवल लोधी अपनी पत्नी सीता और पांच वर्षीय बेटी जीविका के साथ बाइक से बेलखेड़ा से ग्राम बिलतरा लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक सामने से भैंस आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर भैंस से जा टकराई। टक्कर के बाद तीनों सड़क पर गिर गए। हादसा होते ही मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की और उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया। यहां ड्यूटी डॉक्टर द्वारा नवल लोधी और सीता का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार बच्ची जीविका को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है और वह पूरी तरह सुरक्षित है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

रिंग रोड की घोषणा के बाद जमीन खरीदी का दौर शुरू, स्वीकृति की जानकारी नहीं

पथरिया। पथरिया में रिंग रोड की घोषणा के बाद आसपास की जमीनों की खरीदी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, रिंग रोड कहां से होकर गुजरेगा और निर्माण की स्वीकृति की क्या स्थिति है, इसकी अभी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।मुख्यमंत्री द्वारा अजबधाम में रिंग रोड की घोषणा के बाद क्षेत्रवासियों को इसके निर्माण की उम्मीद जगी है। सर्वे और प्रस्तावित मार्ग की जानकारी स्पष्ट होने से पहले ही कुछ लोगों द्वारा आसपास की जमीनों की खरीदी किए जाने की चर्चा है। इससे रिंग रोड के संभावित मार्ग को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।वर्ष 2018 में भी पथरिया में बायपास निर्माण की चर्चा हुई थी, लेकिन उस समय योजना आगे क्यों नहीं बढ़ पाई, यह स्पष्ट नहीं है। अब नई घोषणा के बाद लोगों को उम्मीद है कि रिंग रोड का सपना साकार होगा। हालांकि, निर्माण कब शुरू होगा और सड़क किस मार्ग से निकलेगी, इसका जवाब संबंधित विभाग की आधिकारिक जानकारी और सर्वे के बाद ही मिल सकेगा।

मोक्ष मार्ग शरीर के बल से नहीं, आत्मा के संकल्प बल से चलता है : मुनि श्री समतासागर महाराज

कुण्डलपुर। निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने कहा कि मोक्ष का मार्ग शरीर के बल से नहीं, बल्कि आत्मा के संकल्प बल से प्रशस्त होता है। शरीर कैसा भी हो, यदि मन में दृढ़ निश्चय, साहस और आत्मकल्याण की भावना है तो साधक निरंतर आगे बढ़ सकता है। व्यक्ति मैदान में बाद में हारता है, उससे पहले वह अपने मन में हार मान लेता है। इसलिए जीवन में असफलता मिलने पर भी संकल्प नहीं छोड़ना चाहिए। बार-बार प्रयास करने वाला व्यक्ति एक दिन सफलता अवश्य प्राप्त करता है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार मंत्री जयकुमार जलज ने बताया,मुनि श्री ने श्रद्धालुओं को रत्नत्रय की आराधना और देव-शास्त्र-गुरु के प्रति अटूट श्रद्धा के माध्यम से मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश से आये तीर्थयात्रियों ने बड़े बाबा के चरणों का अभिषेक किया एवं शांतिधारा का वाचन मुनि श्री पवित्रसागर जी महाराज ने किया। शरद पूर्णिमा की पूर्व वेला में 24 एवं 25 अक्टूबर 2026 को कुण्डलपुर में गुरु परंपरा समर्पण समारोह का भव्य आयोजन आयोजित है। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु 10 अक्टूबर दिन शनिवार को दोपहर 1:00 बजे कुण्डलपुर क्षेत्र पर मुनिश्री संघ सानिध्य में एक बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें युवा वर्ग, महिला मंडल सभी सामाजिक धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ उनके सुझाव, मार्गदर्शन, सहयोग की अपेक्षा कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी ने की है।

पुलिस की जनरल परेड, एसपी ने ली सलामी



दमोह। स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड में शुक्रवार, 9 अक्टूबर को जनरल परेड आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इसमें जिले के विभिन्न थानों और रक्षित केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।एसपी ने पुलिस बल को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई करने और भीड़ नियंत्रण के दौरान निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान अश्रु गैस के सुरक्षित उपयोग का अभ्यास भी कराया गया। साथ ही आधुनिक उपकरणों के रखरखाव और प्रभावी उपयोग पर जोर दिया गया।परेड के बाद पुलिस दरबार आयोजित हुआ, जिसमें एसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याएं सुनीं तथा नियमानुसार शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने थाना प्रभारियों को नियमित गश्त बढ़ाने, आमजन से बेहतर संवाद रखने और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

पटेरा में महाविद्यालय खोलने की मांग तेज, 14 अक्टूबर को सौंपेंगे ज्ञापन

तीन बार घोषणा के बाद भी शुरू नहीं हुआ महाविद्यालय, युवाओं में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेरा



नगर में महाविद्यालय शुरू कराने की मांग को लेकर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से 14 अक्टूबर को तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। पटेरा में महाविद्यालय खोलने की घोषणा वर्ष 2018, 2025 और 2026 में की जा चुकी है, लेकिन अब तक इसकी शुरुआत नहीं हो सकी है। क्षेत्र में महाविद्यालय के लिए भूमि उपलब्ध होने के बावजूद मामला लंबित रहने से युवाओं में नाराजगी है। क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता है। बैठक में मांग की गई कि घोषणाओं को अमल में लाते हुए पटेरा में महाविद्यालय शीघ्र प्रारंभ किया जाए। इसी मांग को लेकर 14 अक्टूबर को ज्ञापन सौंपकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। नगर के संकटमोचन मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में नगर के वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों,, बुद्धिजीवियों , स्थानीय नागरिकों पत्रकारों की उपस्थिति रही। विशेष रूप से छात्राओं को अन्यत्र जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पचास प्रतिशत छात्राएं अध्ययन करना ही बंद कर देती है। बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने पटेरा में ही महाविद्यालय खोलने के लिए पूरा-पूरा साथ देने का संकल्प लिया। सभी ने इस मुहिम में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने हेतु अनेक सुझाव दिए। अनेक सदस्यों ने तो आंदोलन से ही मांग शुरू करने की बात कही। सभी ने एक मतेन महाविद्यालय पटेरा में ही खुलवाने के लिए कार्यक्रम बना कर महाविद्यालय खोलने तक लड़ने का फैसला लिया। आयोजकों ने सभी का आभार जताया व सहयोग का निवेदन किया।

बागेश्वर धाम सरकार की रथयात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

हटा में एसपी आनंद कलादगी ने आयोजन समिति के साथ की बैठक



हटा। बागेश्वर धाम सरकार के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली 'सनातन हिंदू एकता रथयात्रा' के हटा आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 12 अक्टूबर को रथयात्रा के हटा पहुंचने और रात्रि विश्राम के कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को नगर के देव श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों एवं बागेश्वर धाम शिष्य मंडल समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दमोह पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, एसडीएम राकेश मरकाम, एसडीओपी कृष्णपाल सिंह, तहसीलदार उमेश तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की। अधिकारियों ने आयोजन समिति से कार्यक्रम की रूपरेखा समझते हुए व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के बाद पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने अधिकारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के साथ आयोजन स्थल देवश्री गौरीशंकर मंदिर, दद्दा कला मंच तथा रथयात्रा के रात्रि विश्राम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, सुरक्षा प्रबंध और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एसपी ने हटा एसडीओपी कृष्णपाल सिंह, हटा थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी तथा दमोह यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

मां कर्मा देवी चौक से पटेरा मार्ग का भी निरीक्षण-

रथयात्रा के अगले पड़ाव की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने मां कर्मा देवी चौक (अंधियारा बगीचा) से पटेरा की ओर जाने वाले मार्ग का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि 13 अक्टूबर को प्रातः रथयात्रा हटा से दमोह की ओर रवाना होगी। इसी क्रम में यात्रा के निर्धारित मार्ग, आवागमन और व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों ने स्थल का जायजा लिया। रथयात्रा के हटा आगमन को लेकर बागेश्वर धाम शिष्य मंडल समिति द्वारा भी तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन को सुव्यवस्थित एवं भव्य स्वरूप देने के लिए प्रशासन और आयोजन समिति के बीच समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस दौरान रामगोपाल जी सरकार मंदिर के महंत श्री श्यामदास जी महाराज, कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी, विधायक प्रतिनिधि लालचंद खटीक, विवेक रिक्की असाटी, अनुराग वर्धन सिंह हजारी, समीर सराफ, आदित्य चौधरी सहित बागेश्वर धाम शिष्य मंडल समिति हटा के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

मालारोहण ग्रंथ के बहुमान का तीन दिवसीय महोत्सव प्रारंभ



दमोह। श्री तारण तरण दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र निसई जी सूखा जी में तीन दिवसीय रत्नत्रय महोत्सव का शुभारंभ श्री मालारोहण जी ग्रंथ की स्थापना के साथ हुआ। बाल ब्रह्मचारी धर्मेंद्र भैया के निर्देशन में मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके बाद ध्वजारोहण और मंदिर विधि का आयोजन किया गया। इससे पूर्व आयोजक परिवार सविता-शैलेन्द्र जैन चौरई एवं सरिता-श्रीमंत संजीव तारण भोपाल के निवास से श्री जिनवाणी जी को भजन-भक्ति और गाजे-बाजे के साथ मस्तक पर धारण कर शोभायात्रा निकाली गई। महिलाएं कलश लेकर चल रही थीं, वहीं युवा 14 ध्वजों के साथ जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। शोभायात्रा चैत्यालय जी पहुंची, जहां धार्मिक विधियां संपन्न हुईं। भैया जी ने तीन दिवसीय जिनदेशना की जानकारी देते हुए कहा कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र की प्रगटता ही मोक्ष मार्ग है। आचार्य तारण स्वामी रचित 14 ग्रंथों में श्री मालारोहण जी प्रथम ग्रंथ है, जिसमें सम्यक दर्शन की महिमा का वर्णन किया गया है। महोत्सव में छिंदवाड़ा, चौरई, सिवनी, भोपाल, इटारसी, सागर, जबलपुर, गंजबासौदा, विदिशा सहित दमोह जिले से तारण तरण जैन समाज के श्रद्धालु शामिल होकर धर्मलाभ ले रहे हैं।